सकलडीहा पोस्ट ग्रेजुएट, कॉलेज
SAKALDIHA POST GRADUATE COLLEGE

सकलडीहा, चन्दौली–232109 (उ0प्र0)
Sakaldiha, Chandauli-232109 (U.P.)
(सम्बद्ध : महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)
(Affiliated: Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth, Varanasi)
Email: spgcollege1965@gmail.com
sakaldihapgcollege@hotmail.com
URL: www.sakaldihapgcollege.org.in
Telephone & Fax No. :05412-287440

आज़ादी का अमृत महोत्सव

नैक द्वारा 'सी' श्रेणी प्रदत्त
Accredited by NAAC With 'C' Grade

पत्रांकः दिनांक–29.01.2023

महिला प्रकोष्ठ की कार्यवाही

आज दिनांक–29–01–2023 जनवरी को दोपहर 12.00 बजे प्राचार्य कक्ष में संजना मौर्या के शिकायती पत्र के प्रकरण पर महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में महिला प्रकोष्ठ की समन्वयिका डा0 सीता मिश्रा, सदस्य वन्दना कुमारी, सदस्य व सरिता देवी उपस्थित हैं। छात्र अधिष्ठाता डा0 उदय शंकर झा भी बैठक में उपस्थित हैं। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है–

1. शिकायत कर्त्री का नाम पुकारा गया, जो अनुपस्थित हैं। संजना मौर्या के प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया, जिसमें यह लिखा है कि गाली–गलौज व मारपीट की घटना महाविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर हुई है, अन्य जानकारी संजना मौर्या के अनुपस्थित रहने के कारण नही हो सकी।
2. प्रिया सिंह का नाम पुकारा गया। प्रिया सिंह समिति के समक्ष अपस्थित हैं। प्रकरण के सम्बन्ध में प्रिया सिंह ने बताया कि वाशरुम से निकलते समय मेरा पैर उसके पैर से टच हो गया तो मैने क्षमा मांगी किन्तु उसने बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दी। मुख्य द्वार से बाहर निकलने पर पहला प्रहार संजना मौर्या ने ही की थी जो विडियों में स्पष्ट है। फिर भी मै इस दुखदः घटना के लिए प्रकोष्ठ से क्षमा मांगती हूँ।
3. रानी सिंह का नाम पुकारा गया। रानी सिंह प्रकोष्ठ के सामने उपस्थित हैं। रानी सिंह ने बताई कि इन दोनो के बीच हो रहे विवाद पर मैं समझाने गई थी किन्तु संजना मौर्या ने मुझे गाली देना शुरु कर दिया क्रोध में आकर मैने भी गाली दी। तथापि मै समिति के समक्ष इस घटना में नाम जुड़ने के लिये मै क्षमा प्रार्थी हूँ।
4. शिखा सिंह का नाम पुकारा गया। शिखा सिंह ने प्रकोष्ठ के समक्ष उपस्थित हैं। शिखा सिंह ने बताया कि चूंकि मै रानी सिंह के साथ जा रही थी, इसलिए मुझे आरोपित किया गया हैं मुझे इस घटना से कोई लेना–देना नही है। तथापि मेरा नाम घटना में जुड़जाने के कारण मै क्षमा प्रार्थी हूँ।

शिकायत कर्त्री के अनुपस्थित रहने के कारण, घटना महाविद्यालय परिसर के बाहर होन के कारण एवं तीनो आरोपियों के क्षमा मागने के कारण इस प्रकरण पर अग्रेतर कार्यवाही न होने हेतु इसे निस्तारित किया जाता है। शिकायती पत्र पोषणीय नही है।

सरिता देवी सदस्य	वन्दना कुमारी सदस्य	डॉ0 उदय शंकर झा छात्र अधिष्ठाता	डॉ0 सीता मिश्रा अध्यक्ष